# वन एवं पर्यावरण मंत्रालय भारत सरकार की आपत्ति के बिन्दु संख्या 2 के कम में आख्या

जनपद बागेश्वर में विधनसभा क्षेत्र बागेश्वर के अन्तर्गत मण्डलसेरा से कलियाबगड़ होते हुए गोगीनापानी तक मोटर मार्ग निर्माण का प्रस्ताव प्रान्तीय निर्माण खण्ड बागेश्वर द्वारा तैयार किया गया है । क्षेत्रीय कार्यालय भारत सरकार द्वारा लगायी गयी आपत्ति दिनांक 20.04.2023 के बिन्दु संख्या 02 में वर्तमान प्रस्तावित समरेखण के स्थान पर ग्राम कलियाबगड़ व गोगीनापानी को फल्याटी ग्राम से होते हुए वर्तमान मे स्थित मोटर मार्ग से लिंक करने की सम्भावना तलासना हेतु प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देशित किया गया है। इस सम्बन्ध मे अवगत कराना है कि पहाड़ी क्षेत्रों में एक स्थल से दूसरे स्थल को जोड़ने हेतु समरेखण का निर्धारण एक जटिल सिविल इंजीनियरिंक कार्य है तथा इसमें तकनीकी दक्षता की आवश्यकता होती है। समरेखण का ऐनालिसिस भूगर्भशास्त्री द्वारा भी किया जाता है। प्रभाग स्तर पर इस हेतु प्रशिक्षित एव दक्ष मानव श्रम उपलब्ध नहीं है तथा उचित होगा कि प्रस्तावक विभाग को इस सम्बन्ध में दिशा निर्देश प्रसारित किये जाय।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रस्ताव पर लोक निर्माण विभाग के अभियन्ताओं से चर्चा की गयी तथा प्रस्तावित समरेखण की के0एम0एल0 फाइल का भी अवलोकन किया गया। प्रस्तावित मोटर मार्ग के निर्माण का मुख्य उदेश्य कलियाबगड़ व गोगीनापानी के ग्रामीणों को निकटस्त नगरीय क्षेत्र से जोड़ना है जिससे उन्हें शिक्षा व स्वास्थ्य की सुविधा के साथ–साथ बाजार तक सुगम पहुच प्राप्त हो सके। वर्तमान प्रस्ताव के अनुसार वर्णित दो ग्रामों को मण्डलसेरा से जोड़ने हेतु मार्ग निर्माण प्रस्तावित किया गया है । उलेखनीय है कि मण्डलसेरा जनपद मुख्यालय बागेश्वर का ही भाग है। इस प्रकार प्रस्तावित मोटर मार्ग के निर्माण से ग्राम कलियाबगड़ व गोगीनापानी सीधे जनपद मुख्यालय से जुड़ जाते है जिस हेतु ग्रामीणों को अधिकतम 3.00 किमी0 दूरी तय करनी होगी। यदि समरेखण ग्राम फल्याटी से होते हुए वर्तमान निर्मित मोटर मार्ग से किया जाता है तो इन ग्रामों की जनपद मुख्यालय से दूरी लगभग 12.00किमी0 हो जाती है। इस नये प्रस्तावित समरेखण मे भी मार्ग निर्माण हेतु वन भूमि की आवश्यकता होगी जिसकी सही मात्रा समरेखण के निर्धारणा के उपरान्त ही आगणित की जा सकती है।

अतः आवश्यक कार्यवाही हेतु रिर्पोट सेवा में सादर प्रेषित है।

(उमेश चन्द्र तिवाड़ी),
प्रभागीय वनाधिकारी,
बागेश्वर वन प्रभाग बागेश्वर।